>

Title: Need to create a new Railway Division and office of D.R.M. in Surat, Gujarat.

श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): भारतीय रेलवे के स्टेशनों में सूरत (गुजरात) स्टेशन का नाम रेलवे मंत्रालय द्वारा वर्ल्ड क्लास स्टेशनों में घोषित किया गया है। पश्चिम रेलवे में सबसे अधिक रेवन्यू देने वाले पहले पांच स्टेशनों में सूरत का समावेश होता है। रोज की तकरीबन 60 लाख से ज्यादा रेवन्यू रेलवे को सूरत स्टेशन से प्राप्त होती है। सूरत शहर की जनसंख्या 50 लाख से ज्यादा है। यहां भारत देश की सबसे ज्यादा और बड़ी कपड़े की 200 से ज्यादा टैक्सटाइल मार्केट है, जिस मार्केट में व्यापार के हेतु देश एवं दुनिया से सैकड़ों व्यापारी आते-जाते हैं।

कपड़ा उद्योग के अलावा सूरत में 5000 से ज्यादा छोटी एवं सबसे बड़ी मात्रा में डायमंड की फैक्ट्रियां सूरत में हैं, इस कारण लाखों व्यापारियों का सूरत आना-जाना रहता है। सूरत शहर में उधना स्टेशन से जलगांव, भूसावल की ओर ताप्ती लाइन आती है। यह रेलवे लाइन मद्रास एवं जगन्नाथपुरी तक भी जाती है।

सूरत रेलवे स्टेशन में डिवीजन ऑफिस न होने के कारण छोटी से छोटी समस्या के लिए 250 किमी. दूर मुम्बई सेन्ट्रल डिवीजन से मांग करनी पड़ती है। जिसमें कई बार बिना वजह कुछ मांगों के लिए महीनों एवं साल लग जाते हैं, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। सूरत से हर रोज के 1,20,000 से ज्यादा यात्रियों का आवागमन होता है एवं 35000 से ज्यादा करंट टिकट की बिक्री एवं 8000 से ज्यादा रिजर्व टिकट की बिक्री होती है।

पश्चिम रेलवे में सूरत से अधिक छोटे स्टेशनों पर डिवीजन ऑफिस कई वÂाॉ से है, जिसकी रेवन्यू, जनसंख्या एवं विकास भी सूरत से कई गुना पीछे है एवं डीआरएम ऑफिस शुरू करने के लिए जितनी जगह होनी चाहिए उससे अधिक मात्रा में जगह सूरत में उपलब्ध है।

कृपया सूरत की रेवन्यू, जनसंख्या एवं विकास को नजर में रखते हुए सूरत स्टेशन को डिवीजन ऑफिस बनाकर यहां डीआरएम ऑफिस की स्थापना जल्द की जाए।